Reg. No. :- JH-11-0004329

अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)
(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार सच का साथी दिनांक 10-05-2023 अंक 564

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

न्यूज ब्रीफ

दो बाईकों की टक्कर में महिला घायल, रेफर

अपेम लाइव : बरही

बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत करसो निवासी लक्ष्मी मोसोमात पति स्व कमख्या नारायण सिंह कुछ जरूरी काम से अपने घर से बाइक पर सवार होकर बरही जा रही थी। इसी क्रम में करसो के नजदीक हुई दो बाइक की आपसी टक्कर में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। आस – पास के ग्रामीणों के सहयोग से घायल महिला को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

चोरी का बाइक रेलवे स्टेशन के नजदीक से हुई बरामद, चोर भागने में रहा सफल

अपेम लाइव : बरही

बीतें दिनों सोमवार को मल्लाहटोली से टीवीएस अपाचे बाइक संख्या जेएच–02–बी–5597 को चोरों ने चोरी कर लिया था। इस सम्बंध में नेहा देवी पति कुंदन निषाद ने बरही थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराया था। जिसके बाद बुधवार की अहले सुबह सामाजिक कार्यकर्ता शिवा निषाद को उनके नजदीकी एक युवक दुर्गा निषाद ने जानकारी दिया कि रेलवे स्टेशन के पास वह शौच करने गए थे। इसी दरम्यान उन्होंने एक बाइक से लिफ्ट मांगी तब तक उनकी नजर बाइक पर पड़ी तो देखा कि दो दिन पहले यह बाइक को कुछ चोरों ने मिलकर चोरी कर लिया था। जिसके बाद उन्होंने बाइकसवार का पीछा किया। पीछा करने के दौरान बाइक. सवार ने बाइक को झाड़ी में फेंककर भागने में सफल रहा। इसकी जानकारी तत्काल बरही पुनि सह थाना प्रभारी ललित कुमार को दी गयी। तत्काल बरही पुलिस घटना स्थल पर पहुँचकर मोटरसाइकिल को जब्त करते हुए आस–पास के सीसीटीवी के माध्यम से छानबीन में जुट गई है।

Faculty of Patna
BARHI DEFENCE ACADEMY
For अग्निवीर
दरोगा बिहार पुलिस
झारखण्ड पुलिस
SSC, GD
Written का 100% गारंटी
By:- Pankaj Sir
Trainar By:- Rohit Sir
Mob:- 8340374234, 8709962329
YouTube Brahidefenceacademy
Add:- Block Gate (के सामने बरही) Harila Ground

आखिर क्या होगा नौनिहालों का हाल, जब ऐसे – ऐसे होंगे शिक्षक

हेडमास्टर नहीं जानते हैं झारखण्ड के राज्यपाल,मुख्यमंत्री और देश के राष्ट्रपति का नाम

अपेम लाइवः कान्हाचट्टी
प्रमोद कुमार सिंह

उ. प्राथमिक विद्यालय मधुवा, प्रखण्ड-कान्हाचट्टी, जिला-चतरा
सर्व शिक्षा अभियान

कान्हाचट्टी : कहा जाता है कि जब राजमिस्त्री को ज्ञान होता है कि भवन बनाने में कौन कौन सा मैटेरियल और कितना मात्रा में लगता है तभी भवन का निर्माण गुणवत्तापूर्ण होता है।ठीक वैसे ही कोई भी शिक्षक बच्चो के भविष्य रूपी ब्युल्डिंग बनाने वाले राजमिस्त्री होते हैं।तथा वे शिक्षक जिन्हें बच्चो को कैसे कैसे मैटेरियल की जरूरत हो ताकि बच्चे ज्यादा से ज्यादा और अच्छे ढंग से पढ़ाई कर सके।लेकिन शिक्षक को हो मैटेरियल का ज्ञान न हो तो वैसे विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चो का भविष्य अंधकार में जाने के छोड़ कर उजाला उनके भविष्य में हो ही नहीं सकता है।और ऐसे ऐसे वर्तमान में कई शिक्षक हैं जिन्हें अल्फा बीटा का भी ज्ञान नहीं है। जिन्हें ये भी पत्ता नहीं है कि हम जहां पढा रहे हैं उस प्रखण्ड के प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी कौन हैं,डी एस ई कौन हैं या उपायुक्त कौन हैं।जी हां मैं जो लिख रहा हूँ वैसे वैसे कान्हाचट्टी प्रखण्ड के कई विद्यालय में पदस्थापित हैं।

क्या है मामला :–
कान्हाचट्टी प्रखण्ड के बेंगो. कला पंचायत के प्राथमिक विद्यालय मधुवा में पदस्थापित हैं हेडमास्टर रामदेव साव,रामदेव साव पहले तो बराबर स्कूल से गायब रहने की शिलायत होती रही है लेकिन जब स्कूल के छात्र छात्राओं से झारखण्ड के राज्यपाल और मुख्यमंत्री का नाम पूछा गया तो कुछ बच्चे मुख्यमंत्री का नाम बताए और कुछ में नहीं बताया।जब बच्चो से जानकारी ली गई कि क्या गुरुजी स्कूल में मुख्यमंत्री,राज्यपाल या राष्ट्रपति का नाम नहीं बताते हैं तो बच्चो ने कहा गुरुजी ई सब नहीं बताते हैं।संयोग से हेडमास्टर साहब भी वहीं मौजूद थे तो गुरुजी से जब पूछा गया कि मास्टर साहब आपके विद्यालय के बच्चो का कहना है कि गुरुजी पढ़ाते नहीं है जरा झारखण्ड के राज्यपाल का नाम बता दीजिए तो हेडमास्टर रामदेव साव नहीं बता पाए,वहीं जब उन से देश की राष्ट्रपति का नाम पूछा गया तो उन्होंने रामनाथ कोविंद का नाम बताया।इसके बाद एक ग्रामीण ने मास्टर साहब से चतरा जिले के उपायुक्त का नाम पूछा तो उपायुक्त का नाम भी नहीं बता पाए।वहीं डी एस ई साहब का नाम भी ठीक से नहीं बताया वही प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी का नाम भी गलत बताया।अब सवाल ये उठता है कि शिक्षा विभाग मे ऐसे ऐसे शिक्षक रहेंगे तो बच्चो का भविष्य उज्ववल न होकर उनके आगे अंधेरा ही रहेगा।

पहले भी ऊक्त शिक्षक के खिलाफ गोलबंद हुए थे ग्रामीण रु– एक माह पहले भी रामदेव साव प्राथमिक विद्यालय मधुवा के खिलाफ अखबार में मामला प्रकाश में आया था कि हेडमास्टर स्कूल से अक्सर गायब रहते हैं और पन्द्रह दिनों का हाजिरी एक बार मव बनाते हैं।अखबार में मामला आने के बाद डी एस ई ने जांच जरूर करवाया और जांच में मामला को सत्य पाया गया जांच टीम को ग्रामीणों ने भी कहा था कि हेडमास्टर हमारे गांव के बच्चो के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहा है इसे यहां से हटा दिया जाए लेकिन जांच में सत्यता के बाद भी हेडमास्टर पर कोई कारवाई नहीं हुई जिससे शिक्षा विभाग के खिलाफ ग्रामीणों में आक्रोश भी है।

ऋत्विक कंपनी के वाहन पर अपराधियों ने चलाई गोली मैनेजर की मौत बॉडीगार्ड घायल

एसपी बड़कागांव घटनास्थल पहुंचे स्थिति से अवगत हुए

अपेम लाइवः बडकागॉव
अमित मालाकार

बड़कागांव : हजारीबाग रोड रोड स्थित बड़कागांव हेठ्गढ़ा तालाब के समीप दिन मंगलवार को समय लगभग 12 बजे मास्क पहने अज्ञात अपराधियों ने चट्टी बारियातू कोल माइंस एनटीपीसी कंपनी के एमडीओ ऋत्विक कंपनी के स्क०र्पियो पर दिनदहाड़े ताबड़तोड़ पांच राउंड फायरिंग कर दी। जिसमें स्क०र्पियो के अगले सीट पर बैठे मैनेजर शरद बाबू की छाती में शीशा तोड़ते हुए गोली जा लगी गोली लगने से घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। वही ब०डीगार्ड राजेंद्र प्रसाद को कमर में तीन गोली लगी है जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गए। उक्त घायल की स्थिति गंभीर बनी हुई है जिसका हजारीबाग में इलाज किया जा रहा है। वही ड्राइवर अरमेंद्र पांडे को बांह से कपड़े को छूता हुआ गोली निकल गई। स्क०र्पियो हजारीबाग से केरेडारी कार्यालय जा रही थी। घटना की जानकारी मिलते ही हजारीबाग पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चौथे ने घटनास्थल पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया । इस दौरान पुलिस ने उप. स्थित स्क०र्पियो के ड्राइवर एवं अन्य अधिकारियों से पूछताछ की। हजारीबाग रोड स्थित पकरी बरवाडीह कोल माइन्स एनटीपीसी कार्यालय से लगभग 200 मीटर की दूरी पर घटना हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अपराधियों की संख्या 3 बताई जा रही है मास्क पहने 3 अपराधी हथियार के साथ घात लगाए उन पर अचानक हमला कर दिया। इसी बीच बड़कागांव हेठ्गढ़ा के पास खराब सड़क के गड्ढे में गाड़ी की गति धीमी होने पर अपराधियों ने स्कार्पियो गाड़ी पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी । जिस दौरान अपराधियों ने लगभग 4 से 5 गोलियां चलाई। बता दें कि बड़कागांव प्रखंड में कोल कंपनी खुलने के बाद इसे लेकर पांचवी बार अपराधियों के द्वारा गोली फायरिंग हुई है । जिसमें इसके पहले 2019 में बड़कागांव के थ्रिवेणी सैनिक मैं कार्यरत एजीएम गोपाल सिंह को हजारीबाग जुलू पार्क में, और 2021 में एलएनटी कंपनी के प्रोजेक्ट कोअ०र्डिनेटर सत्येंद्र कुमार सिंह की पुंदरी मोड़ के पास गोली मारकर अपराधियों द्वारा हत्या कर दी गई थी । इसके अलावा थ्रिवेणी सैनिक लंगातू साइड कार्यालय के पास दो बार फायरिंग हुई है जिसमें उमेश साव एवं सिकंदर साव घायल हुए थे। घटनास्थल पर एसपी मनोज रतन चौथे, एएसपी कुमार सुभाशीष , कोर्रा थाना प्रभारी उत्तम तिवारी, एसडीपीओ अमित कुमार सिंह, थाना प्रभारी बिनोद तिर्की,डाड़ी कला थाना प्रभारी मणिलाल सिंह ,केरेडारी थाना प्रभारी एनएल तिर्की, एंव सशस्त्र बल मौके पर पहुंचकर घटना का जायजा लिया ।

बड़कागांव गोली कांड में संलिप्त अपराधियों का उद्भेदन जल्द की जाएगी : पुलिस अधीक्षक

पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चौथे ने बड़कागांव की घटना पर कहा कि बड़कागांव में गोली चली है जिसमें ऋत्विक कंपनी जो चट्टी बारियातू में कार्य कर रही है उसके एक पदाधिकारी को एंव झारखंड पुलिस के जवान हजारीबाग जिला द्वारा दिया गया बॉडीगार्ड को भी गोली लगा है। आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर बड़कागांव सहित हजारीबाग जिले के आसपास वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है जिसका पुलिस टीम के द्वारा अनुसंधान की जा रही है। गोलीकांड में संलिप्त अपराधियों का उद्भेदन जल्द ही की जाएगी उक्त मामले को लेकर पुलिस छानबीन में जुटी है।

सच का साथी
अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

आवारा पशुओं के विचरण से हो रही सड़क दुर्घटना, प्रशासनिक पहल की दरकार

ट्रैफिक की भी समस्या, अक्सर जाम की स्थिति

अपेम लाइव : बरही
सोनु पंडित

बरही चौक सहित सड़को पर विचरण कर रहे आवारा पशुओं के कारण प्रत्येक दिन सड़क दुर्घटनाए हो रही है। इस सड़क संगठन कई लोग अपनी जान भी गंवा चुके हैं तो कई लोग चोटिल भी हो चुके हैं। बरही चौक एवं उसके चारो मार्गो में आवारा पशुओं के विचरण से वाहन चालकों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। बरही के चारो मुख्य मार्गों में आवारा पशुओं का जमावड़ा लगा रहता है। जिसके कारण सड़क दुर्घटनाएं हो रही है। लेकिन इस और न तो प्रशासन का कोई ध्यान है और न ही किसी सामाजिक संगठन ही इस समस्या के प्रति गंभीर दिख रहा है। पशुओं के जानकर बताते हैं की जिसे आवारा पशु कहा जा रहा है, वास्तव में वह आवारा नहीं है। जान बुझ कर पशु मालिक उसे सड़क पर छोड़ जाते हैं। धनबाद रोड एवं उसके आस पास लगने वाले ठेला, सब्जी दुकान अपना अपशिष्ट सामग्री सड़क के डिवाइडर के पास फेंक देते हैं। जिसके लिए पशु सड़क पर ही आ जाते हैं और बैठ जाते है। सड़क पर बैठ जाने के कारण कई पशु दुर्घटना का शिकार भी हुए हैं। लेकिन इसके बाद भी पशु मालिक का दिल नहीं पसीज रहा है। आवारा पशुओं के कारण ट्रैफिक की समस्या भी उत्पन्न हो रही है। बीच पर पशुओं के होने के कारण जाम लग जाता है। यह जाम घंटो तक लगी रहती है। इस समस्या के समाधान के लिए तत्काल प्रशासनिक पहल की दरकार हैं।

बरही में 55 स्थानों पर 2000 लोगों ने किया हनुमान शक्ति जागरण

विहिप एवं बजरंग दल ने आयोजित की हनुमान शक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन

अपेम लाइव : बरही
सोनु पंडित

विश्व हिन्दू परिषद
बजरंग दल

विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल झारखंड प्रांत के निर्देश में मंगलवार को बरही प्रखंड अंतर्गत 55 स्थानों पर 2000 लोगों ने हनुमान शक्ति जागरण कार्यक्रम में हिस्सा लेकर हनुमान चालीसा पाठ एवं महाआरती किया। इस कार्यक्रम में बरही प्रखंड कमिटी ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया और दोपहर बाद से ही लोगों को इस कार्य के लिए प्रेरित करने हेतु प्रचार वाहन के माध्यम से जागरण करना प्रारंभ कर दिया। परिणाम स्वरूप बरही प्रखंड अंतर्गत 55 स्थानों पर लगभग 2000 सनातनी बंधुओं ने राम भक्त हनुमान के लिए शक्ति का जागरण किया और प्रभु श्रीराम के अनन्य भक्त कलयुग के जीवंत देव हनुमानजी की आराधना कर सनातनी एकता का परिचय दिया। इस पर अपना मंतव्य देते हुए प्रखंड सह मंत्री प्रदीप चन्द्रवंशी ने कहा कि जो राम का नहीं,हनुमान का नहीं । वह किसी काम का नहीं।। ऐसे विधर्मियों का नाश होना निश्चित है क्योंकि रावण की लंका केवल हनुमान जी के पूछ में आग लगाकर उन्हें दंड देने की बात कहने के कारण जली थी। आज विधर्मियों ने उसी बजरंगबली के देश में बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने के बात की है तो निश्चित रूप से बजरंगबली अपना रौद्र रूप धारण कर इन विधर्मियों की विरासत को जलाकर राख करेंगे और प्रभु श्री राम की मर्यादा को बनाए रखने में अपना योगदान देंगे। हम सभी सनातनियों को हनुमान जी के इस कार्य में सफलता के लिए शक्ति जागरण करना चाहिए । धनबाद रोड बरही स्थित हनुमान मंदिर में भी हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इस कार्यक्रम में आरएसएस के क्षेत्र सेवा प्रमुख त्रिवेणी साहू,जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, जिला प्रचार प्रसार प्रमुख मिथिलेश श्रीवास्तव, जिला गोरक्षा प्रमूख इंद्रदेव गुप्ता, प्रखंड अध्यक्ष नंद किशोर कुमार, प्रखंड मंत्री कैलाश ठाकुर, प्रखंड उपाध्यक्ष निरंजन केसरी, प्रखंड सह मंत्री प्रदीप चंद्रवंशी, मिलन प्रमुख मुन्ना सोनी, धर्म जागरण प्रमुख चन्दन केशरी, कृष्णा केशरी, राजेंद्र केशरी, राजकिशोर गुप्ता, राजदेव यादव, चन्दन कुमार सिंह, विनोद केशरी, मनोज केशरी, रमेश केशरी, धर्मेंद्र पंडित, प्रभु राणा, संतोष प्रजापति, संजय यादव,विजय राणा सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

आवारा मवेशी की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

अपेम लाइवः विष्णुगढ
मिथलेश गोल्डी

विष्णुगढ़ बगोदर रोड एनएच 522 स्थित चलनियां में बुधवार को सड़क दुर्घटना में एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों एवं राहगीरों की मदद से घायल बाइक सवार को प्राथमिक उपचार के लिए विष्णुगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। बताया जाता है कि हजारीबाग के नूरा चौक निवासी शुभम कुमार बाइक से बगोदर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान चलनियां के पास दौड़कर सड़क पार कर रहे एक आवारा मवेशी से बाइक की टक्कर हो गई। घटना में बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। उनकी बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। बाइक सवार के हाथ, कमर, पैर एवं शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई है। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

APEM
LIVE

दस्तावेज नवीस संघ की हड़ताल 15 वें दिन भी रही जारी

अपेम लाइव : लातेहार
नीरज सिन्हा

लातेहार रूदस्तावेज नवीस संघ विभिन्न मांगों को लेकर पिछले 15 दिनों से हड़ताल पर हैं. ऐसे में रजिस्ट्रेशन के लिए कोई डीड नहीं आया है ।इससे को करोड़ों का नुकसान हो रहा है ।वहीं जमीन खरीद बिक्री करने वालों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस सम्बन्ध में संघ के सचिव दिलीप कुमार सिन्हा व सुनील कुमार ने कहा कि निबंधन कार्यालय में भूमि की दस्तावेजों के निबंधन के लिए अनाप–शनाप कागजातों की मांग की जा रही है ।साथ ही निबंधन एक्ट के प्रावधानों को गलत ढंग से पेश किया जा रहा है। संघ का कहना है कि विभागीय मनमानी के कारण दस्तावेजों का निबंधन नहीं हो पा रहा है। निबंधक से इसके सुधार के लिए लगातार मांग की गयी, लेकिन कोई सुधार नहीं हुआ ।अंत में अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार का निर्णय लिया गया।

सरकार हठधर्मिता छोड़ करे वार्ता : रामनाथ

दूसरे दिन भी हड़ताल पर रहे जनसेवक

अपेम लाइव : लातेहार
नीरज सिन्हा

लातेहार : अपनी मांगो को लेकर दूसरे दिन भी जनसेवक हड़ताल पर रहे। इस अवसर पर जनसेवक संघ जिलाध्यक्ष रामनाथ यादव ने कहा कि सरकार अपनी हठधर्मिता छोड़ जनसेवकों से वार्ता करे। साथ ही उन्होंने दावा किया की जनसेवकों के हड़ताल पर चले जाने से विभागीय कार्य बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है। इससे आम जनता को ही समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। आगे उन्होंने कहा कि कृषि मंत्री को चाहिए की वे आगे आकर साकारात्मक पहल करे। ज्ञात हो कि झारखंड राज्य जनसेवक संघ के बैनर तले लातेहार जिला सहित पूरे राज्य में ग्रेड पे 2400 से घटाकर 2 हजार करने सहित 11 सूत्री मांगो को लेकर जनसेवक हड़ताल पर चले गए हैं। जनसेवकों के हड़ताल पर चले जाने से विभाग का कार्य भी प्रभावित हो रहा है। झारखंड राज्य जनसेवक संघ के अंतर्गत घोषित 11सूत्री मांग निम्नवत है

1. जनसेवक संवर्ग के खिलाफ कृषि विभाग द्वारा नियुक्ति नियमावली एवम ग्रेड पे संबंधी अवांछनीय छेड़छाड़ और षड्यंत्र तत्कालीन स्थाई रूप से बंद किया जाए।
2. जनसेवक को पूर्व की भांति तकनीकी पद मानते हुए ग्रेड पे 4200ध् किया जाए।
3. 2012 में नियुक्त सभी जिले में जनसेवकों को तत्काल उंबच का लाभ दिया जाए।
4. 2012 में नियुक्त जनसेवकों सहित राज्य स्तरीय वरीयता सूची अविलंब प्रकाशित की जाए।
5. जनसेवकों की संपूर्ण सेवा 2011 जनसेवक भर्ती नियमावली के तहत कृषि विभाग में वापस लेते हुए ककव परिवर्तन का पत्र अविलंब निर्गत किया जाए।
6. जनसेवक संवर्ग का पदनाम बदलकर कृषि प्रसार पर्यवेक्षकध्प्रखंड उप कृषि पदाधिकारी किया जाए।
7. जनसेवक संवर्ग को सीमित परीक्षा में बैठने की अनुमति दी जाए।
8. राज्य के सभी जिलों में 2401 वेतन शीर्ष सृजित किया जाए।
9. झारखंड कृषि शिक्षा पर्षद अविलंब गठन करते हुए जनसेवकों की प्रोन्नति प्रखंड कृषि पदाधिकारी एवं समकक्ष सभी पदों में की जाए।
10. जनसेवकों को गैर कृषि कार्य से मुक्त किया जाए।
11. पूर्व की भांति जनसेवकों के लिए निःशुल्क कृषि स्नातक की पढ़ाई करने की व्यवस्था की जाए।

मौके पर लव कुमार पासवान, रघुनंदन राम, प्रकाश कुमार, सुजाता कुमारी, रीना कुमारी, स्नेह लता टोप्पो, अनिता कुमारी, संकेत सत्यम, संजय मींज, प्रभात भगत, साकेत कुमार, देवलाल राम, अरविंद रोशन गिर्दा, चंदन कुमार, राहुल रंजन, रामसागर राम, संतोष उरांव, अरविंद रवि, समीर सुमन , अंकित एकका, नारायण भोक्ता, सूरज कुमार, राकेश रोशन कुजुर, सर्वेश सिंह, सत्येंद्र उरांव, अर्पण तिग्गा, उमेश कुजूर, विल्सन लकड़ा, श्याम सागर पांडे, राजेश कुमार, सूर्य प्रकाश मौजूद रहे।

आपकी शादी बनें खास, ऐसा हैं हमारा विश्वास
शादी विवाह एवं शुभ अवसरों के लिए उचित स्थान
UV
उत्सव वाटिका
उत्सव वाटिका
गली, पेट्रोल पंप के सामने, तिलैया रोड़, बरही (ह0बाग)
Proprietor
Mr. Kapil Pd. Keshri
8809224003
सुविधाएँ उपलब्ध
मैरेज हॉल (क्षमता:200 व्यक्ति)
10 AC & Non AC Rooms
सुज्जित पार्टी लॉन (6000 Sq. Feet)
पार्किंग व्यवस्था (15000 Sq. Feet)
प्रवेश द्वार
लॉन
जयमाला स्टेज
विवाह मंडप
भवन

सच का साथी

अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

मणिपुर से वापस लौटे झारखंड के 21 छात्र, संजय मेहता ने सरकार को पत्र लिख कराया था अवगत

अपेम लाइव : बरही
सोनु पंडित

मणिपुर में हुई हिंसा के बाद वहाँ के हालात चिंताजनक बने हुए हैं। हिंसा में कई लोगों की मौत हो जाने के कारण स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। हालांकि धीरे–धीरे स्थिति में सुधार हो रही है। सेना और पैरामिलिट्री फोर्सेस ने मोर्चा संभाल रखा है। इस बीच सुखद खबर है कि झारखंड के 21 छात्र राज्य वापस लौट चुके हैं।

मणिपुर में तीन मई से हिंसा के कारण हालात चिंताजनक हो गए। अलग–अलग कॉलेज एवं विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले छात्र समेत सभी लोग परेशान हो गए।

सभी घर आना चाहते थे, लेकिन कर्फ्यू के कारण बाहर निकलना मुश्किल था। छात्र भयभीत थे। अपने आँखों से ब्लास्ट और आगजनी की खबरों ने छात्रों को विचलित कर दिया था। खाने – पीने की समस्या थी।

छात्रों ने साधा संपर्क, ऐसे शुरू हुआ अभियान :

दिनांक 06 मई 2023 को गढ़वा जिला निवासी एनआईटी मणिपुर की छात्रा प्रियांशु पायल ने बरही के सामाजिक कार्यकर्ता संजय मेहता को संपर्क किया।

छात्रा प्रियांशु ने सूचना दी की यहाँ उड़ीसा, उत्तर प्रदेश, झारखंड, बिहार के छात्र फँसे हैं। प्रियांशु ने मणिपुर का अपना पता आर डब्लू जे 7 + R 33, लंगोल रोड़, ल्मफेलपात, इम्फाल, मणिपुर बताया। प्रियांशु ने बताया की उड़ीसा सरकार अपने बच्चों को वापस लाने के लिए फ्लाइट भेज रही है। यदि हमें भी उसी फ्लाइट से उड़ीसा भेजकर झारखंड लाया जाए तो हम भी जल्दी घर पहुँच सकेंगे।

संजय मेहता ने उड़ीसा के मुख्य सचिव से किया संपर्क, उन्होंने जाहिर की असमर्थता :

इस बाबत संजय मेहता ने झारखंड के छात्रों को उड़ीसा तक वापस लाने के लिए उड़ीसा के मुख्य सचिव प्रदीप कुमार जेना से अनुरोध की। 07 मई को उड़ीसा के मुख्य सचिव श्री जेना ने संजय मेहता को बताया कि उड़ीसा सरकार अपने बच्चों के लिए टिकट बुक कर उन्हें घर ला रही है। उन्होंने झारखंड के छात्रों को उड़ीसा लाने में विधिक असमर्थता जाहिर की। उन्होंने कहा कि आप यह सूचना झारखंड सरकार को द।

गढ़वा उपायुक्त को दी गयी सूचना :

गढ़वा की प्रियांशु के मणिपुर में फँसे होने की सूचना संजय मेहता ने गढ़वा उपायुक्त शेखर जमुआर को दी। जिसपर उपायुक्त ने त्वरित संज्ञान लिया। इसके बाद राज्य मुख्यालय ने संजय मेहता से संपर्क साधा। राज्य मुख्यालय की रजनी तापे ने सूचनाओं को सत्यापित किया। श्रम विभाग के राजेश प्रसाद ने भी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हुए सूचनाओं को सत्यापित किया।

छात्रा प्रियांशु और एनआईटी के डीन ने उपलब्ध कराई छात्रों की सूची :

छात्रा प्रियांशु ने फँसे हुए छात्रों की सूची उपलब्ध करवाई। साथ ही एनआईटी मणिपुर के डीन आशीष रंजन ने भी छात्रों की सूची उपलब्ध कराई। सरकार के हेल्पलाइन पर भी कुछ सूचना प्राप्त हुई। इसके पश्चात सभी सूचनाओं को दोबारा सत्यापित किया गया।

वंदना दादेल, अमिताभ कौशल की भूमिका रही सराहनीय :

संजय मेहता ने गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल को इसकी सूचना पत्र लिखकर दी। साथ ही विभाग के सचिव अमिताभ कौशल को भी इसकी सूचना पत्र लिखकर दी। अमिताभ कौशल ने इन सूचनाओं पर त्वरित संज्ञान लिया और कार्रवाई प्रारम्भ की। इस दौरान उड़ीसा की मूल निवासी और हजारीबाग की अधिवक्ता मोनालिसा को भी संजय मेहता ने सूचना दी। मोनालिसा लगातार सरकारी महकमे को सूचना देती रही और संपर्क में बनी रही। इस बावत इसकी सूचना मणिपुर के वेस्ट लामफेलपात जिले के उपायुक्त किरण कुमार को भी दी गयी। सूचनाओं के बाद पूरा सरकारी अमला सक्रिय हो गया।

कुछ लोगो ने आने से मना किया :

इस बीच सरकार को उपलब्ध कराई गयी सूची में कुछ लोगों ने निजी कारणों से आने से मना किया। क्योंकि उसमें कुछ छोटे बच्चे भी शामिल थे। सचिव अमिताभ कौशल ने संजय मेहता को सूचना दी की 7 लोगों ने निजी कारणों आने से मना कर दिया है।

अंतिम सूची में 21 छात्रों का टिकट बुक किया गया :

सभी सूचनाओं को सत्यापित करने के बाद अंततः झारखंड के 34 छात्रों की सूची को अंतिम रूप दिया गया। जिसमें 21 छात्रों का टिकट बुक किया गया।

इंडिगो की फ्लाइट, पटना लेकर आयी :

इंडिगो एयरलाइंस की एयरक्राफ्ट संख्या 6ई 9022 नौ मई की सुबह आठ बजकर चालीस मिनट पर इम्फाल से उड़ान भरी। जो दस बजकर पंद्रह मिनट पर पटना पहुँची। इसमें कुल 163 यात्री सवार थे जिसमें 142 छात्र बिहार के थे।

बिहार सरकार और झारखंड सरकार ने आपसी समन्वय से पूर्ण किया अभियान

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार के मुख्य सचिव आमिर सुबहानी को मणिपुर के मुख्य सचिव से संपर्क स्थापित कर बिहार के छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित कराने के लिए कहा था। इस बीच झारखंड सरकार ने बिहार सरकार से समन्वय स्थापित कर पटना आ रही फ्लाइट में झारखंड के छात्रों की वापसी सुनिश्चित करवाई। झारखंड के छात्रों को पटना से बस के माध्यम से राँची लाया गया। वापसी के तुरंत बाद उनके लिए होटल में भोजन का प्रबंध किया गया। कुछ छात्र देर रात तक अपने–अपने घर पहुँच गए।

रात हो जाने के कारण राँची से दूर जाने वाले छात्रों को स्टेट गेस्ट हाउस, मोराबादी राँची में रात्रि विश्राम करवाया गया। 18 छात्र राँची पहुँचे और तीन छात्र पटना से ही अपने आवास निकल गए।

किन–किन संस्थाओं के हैं छात्र :

वापस लौटे छात्र नेशनल स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी, मणिपुर, आईआईटी मणिपुर, एनआईटी इम्फाल, कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर के हैं।

मुख्यमंत्री का जताया आभार :

इस रेस्क्यू अभियान में सरकार की गंभीरता एवं त्वरित कार्रवाई ने रेस्क्यू अभियान को सरलतापूर्वक सम्पन्न किया। संजय मेहता ने सीएम हेमन्त सोरेन के प्रति आभार जताया और कहा कि सरकार ने इस मसले में अपना रुख काफी सकारात्मक रखा। सूचनाओं पर तुरंत कार्रवाई हुई यह स्वागतयोग्य है।

संजय मेहता ने लॉक डाउन में भी निभाई थी बड़ी भूमिका :

ज्ञात हो कि लॉकडाउन के दौरान भी संजय मेहता ने मजदूरों को घर लाने के लिए अभियान चलाया था। इस दौरान उन्होंने 191 मजदूरों को फ्लाइट से घर लाया था। उन्होंने हाल ही में संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य के 17 बिंदुओं पर दुबई में आयोजित कांफ्रेंस में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। संजय मेहता ने झारखंड के लोगों के लिए मणिपुर संकट के दौरान हेल्पलाइन 9430195900 जारी किया है।

परबत्ता में श्री हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को ले भव्य कलश यात्रा

श्री श्री 1008 मारुति नन्दन प्राण प्रतिष्ठा सह रामचरित मानस ज्ञान महायज्ञ शुभारंभ

विधायक, पूर्व विधायक, प्रमुख, जिप सदस्य हुए शामिल

अपेम लाइव : बरकट्ठा
सुनिल कुमार

बरकट्ठाः ग्राम परबता में 10–19 मई नौ दिवसीय श्री श्री 1008 श्री मारूति नंदन प्राण प्रतिष्ठा सह रामचरित मानस ज्ञान महायज्ञ का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर यज्ञ मंडप से लाल पीले व भगवा वस्त्रों में सजी धजी देवी स्वरूपा 1001 महिला एवं युवतियों ने कलश लेकर कलशयात्रा निकाली। कलशयात्रा मंदिर परिसर से यज्ञ शाला से शुरू होकर बरकट्ठा बाजार, डाकडीह मोड़, बाजार रोड, बुढ़िया माता मंदिर होते हुए बरकट्ठा थाना के पास उत्तरवाहिनी पतालसुर नदी में तमाम देवी देवताओं को आह्वन कर पूजा अर्चना कर कलश में जल भरकर पुनः यज्ञ मंडप पहुंच कर कलश को स्थापित किया गया । यह महायज्ञ 10 मई से प्रारंभ होकर 18 मई तक संचालित होगी भव्य भंडारा व हवन पूजन के बाद यज्ञ सम्पन्न होगा कलशयात्रा में मुख्य रूप से विधायक अमित कुमार यादव, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, झामुमो जिलाध्यक्ष शम्भु लाल यादव, झामुमो जिला उपाध्यक्ष यासीन खान बाबू , प्रमुख रेणु देवी, पूर्व जिप उपाध्यक्ष चंदन देवी, जिप सदस्य कुमकुम देवी, बीस सुत्री प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप कुमार प्रसाद, बीस सुत्री प्रखंड उपाध्यक्ष मो कुदूस, मुखिया संघ अध्यक्ष इन्द्रदेव प्रसाद, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष बसंत साव, केदार साव, मुखिया प्रमिला देवी, पूर्व मुखिया गुड्डी देवी, पूर्व प्रमुख सह पंसस प्रीति गुप्ता, युवा नेता गौतम कुमार, कांग्रेस नेता संतोष कुमार देव, समाजसेवी दर्शन सोनी उपस्थित थे। यज्ञ में छोटे सरकार बनारस वाले एवं देवी ज्योति शास्त्री जी अयोध्या वाले नौ दिनों तक कथा वाचन व प्रवचन करेंगे। यज्ञ को सफल बनाने में बालकी यादव, महेश मंडल, रामेश्वर यादव, छोटी यादव, अशोक नायक संदीप राणा, सुशेन पांडेय, दिपक राणा, सुनील मोदी, सौरव कुमार, राकेश राणा, अरूण मोदी, रामचन्द्र राणा, प्रयाग भुइंया, संजय भुइंया, सुखदेव भुइंया, किशोर पांडेय, श्रीकांत पांडेय, सुशील पांडेय, बिरेंद्र राणा, पप्पू सोनी शामिल हैं। कलशयात्रा में मुख्य रूप से अशोक गुप्ता, संजय गुप्ता, गुडन यादव, अर्जुन राणा, मिथलेश भारती, राहुल गुप्ता, दिलीप कुमार दास, त्रिभुवन मंडल, मनोज मोदी, सुरज मोदी, अनील मोदी, सुनील श्रीवास्तव, चंदन मोदी का सराहनीय योगदान रहा।



HOTEL A.K PALACE

Opening Date
15 May

पता : नियर रेलवे स्टेशन गया रोड (बरही)

डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

भारत स्काउट एण्ड गाईड का राज्य स्तरीय पांच दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

अपेम लाइव : लातेहार
नीरज सिन्हा

प्रेक्षागृह (AUDITORIUM)
नेतरहाट आवासीय विद्यालय

लातेहार : नेतरहाट आवासीय विद्यालय परिसर में भारत स्काउट एण्ड गाईड के राज्य स्तरीय पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम बुधवार को संपन्न हो गया। समापन समारोह के प्रारंभ में झंडोतोलन एवं सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। प्रार्थना सभा के उपरान्त विभिन्न जिलों से आए प्रतिभागियों, प्रशिक्षकों एवं पदाधिकारियों के मध्य भारत स्काउट एण्ड गाईड के संबंध में एक खुला विचार विमर्श का आयोजन हुआ। इस आयोजन में भारत स्काउट एण्ड गाईड के जिला मुख्य आयुक्त सह नेतरहाट विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ प्रसाद पासवान ने विभिन्न जिलों से आये पदाधिकारियों सह प्रशिक्षकों एवं प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत स्काउट एण्ड गाईड भारत का राष्ट्रीय स्काउटिंग एवं गाइडिंग एसोशियेशन है, जिसका लोगो में आत्म नियंत्रण एवं चरित्र निर्माण में लम्बा इतिहास रहा है। डॉ प्रसाद पासवान ने स्काउड एण्ड गाईड उद्देश्यों की ओर चर्चा करते हुए कहा कि स्काउड एण्ड गाईड से लोगो में चनौतीपूर्ण जीवन जीने की कला विकसित होती है। अंत में डॉ पासवान ने सभी पदाधिकारियों का हार्दिक अभिनंदन करते हुए उनके प्रति आभार जताया तथा प्रतिभागियों को प्रभाण पत्र देकर उनका मनोबल विकसित किया।स्काउट एण्ड गाईड के समापन समारोह में डॉ मोहन सिंह, स्काउट एण्ड गाईड के सचिव, अमोद सिंह राज्य संगठन आयुक्त के अलावा स्काउट एण्ड गाईड के अन्य पदाधिकारी, नेतरहाट विद्यालय के शिक्षक, प्रशिक्षक उपस्थित रहे।

राजस्व संग्रहण के निर्धारित लक्ष्य को करें पूरा - उपायुक्त

अपेम लाइव : लातेहार
नीरज सिन्हा

समाहरणालय
लातेहार

लातेहार : समाहरणालय सभागार में बुधवार को उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में राजस्व संग्रहण की बैठक का अयोजन किया गया। बैठक में वित्तीय वर्ष 2022-23 के तहत निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध अब तक किए गए राजस्व संग्रहण की विभागवार समीक्षा कर सभी संबंधित पदाधिकारी को वित्तीय वर्ष के लिए निर्धारित लक्ष्य को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया गया।बैठक में उपायुक्त ने सभी विभागीय पदाधिकारियों से राजस्व संग्रहण में आ रही समस्याओं पर विस्तार पूर्वक जानकारी ली। उन्होंने आपसी समन्वय स्थापित कर राजस्व संग्रह के शेष लक्ष्य को पूरा करने का निर्देश दिए। साथ ही राजस्व संग्रहण की धीमी गति वाले विभागों को सुधारात्मक प्रगति लाने व शेष लक्ष्य को ससमय पूरा करने का निर्देश दिया गया। नगर पंचायत की समीक्षा के क्रम में नगर पंचायत द्वारा कर वसूली बढ़ाने एवं राजस्व संग्रहण में सुधार करने की बात कही गई।राजस्व संग्रहण में लक्ष्य के विरुद्ध शतप्रतिशत उपलब्धि हासिल करने को कहा। उपायुक्त ने उत्पाद विभाग ,वाणिज्य कर पदाधिकारी को राजस्व संग्रह में तेजी लाते हुए लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश दिया। बैठक में भु-लगान, निबंधन, दाखिल-खारीज, भूमि-सीमांकन की समीक्षा की गई। इस दौरान उपायुक्त ने जमीनों के दाखिल-खारिज से संबंधित कार्यो की समीक्षा कर सभी अंचलाधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवेदनों का उचित कारणों के साथ ससमय समाधान कराएं। साथ ही वैसे आवेदन जिसमें कोई त्रुटि हो तो उनको भी उचित कारणों के साथ अस्वीकृत करें।बैठक में अपर समाहर्ता आलोक शिकारी कच्छप, अनुमंडल पदाधिकारी,लातेहार शेखर कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी,महुआडांड़ नीत निखिल सुरीन, जिला मत्स्य पदाधिकारी, विद्युत प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता, समेत जिले के अधिकारी एवं अंचल अधिकारी उपस्थित थे।

पायें अब कंप्यूटर के सभी courses पर
35% तक भारी छूट
—The RCI की ओर से—
धमाका ऑफर
The RCI
पंडित दीन एजुकेशन ग्रुप, नई दिल्ली से अधिकृत शाखा
Estd. 2018
www.therci.in
पता : नियर पानी टंकी, हजारीबाग रोड, बरही
Classes जारी है
आर्ट्स & कॉमर्स एवं स्पोकेन इंग्लिश
9110908004
अपना सीट आज ही बुक करें
जल्दी करें !
कहीं आप पीछे छूट न जाएँ
रजिस्ट्रेशन कि समय सीमा
9 मई से 13 मई तक है
Director :
Rakesh Roshan

मुखिया के नेतृत्व में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत चलाई गई सफाई

अपेम लाइवः बडकागॉव
अमित मालाकार

बड़कागांव : बड़कागांव प्रखंड के मध्य पंचायत में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत मुखिया मोहम्मद तकरीमुल्लाह खान के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वच्छता अभियान के तहत पंचायत के कई गली - मोहल्लों के अलावा पंचायत भवन एवं आंगनबाड़ी केंद्र परिसर को स्वच्छ रखने की अपील की गई। इस दौरान मुखिया ने आंगनबाड़ी परिसर को स्वच्छ बनाकर रखने का निर्देश दिया। कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों का प्रथम पाठशाला होता है, इसलिए परिसर को स्वच्छ रखना अति आवश्यक है। मौके पर पंचायत भवन में मुखिया, सभी वार्ड सदस्य, जल सहिया, रोजगार सेवक एवं आंगनवाड़ी सेविकाएं ने पंचायत को स्वच्छ रखने की शपथ ली। स्वच्छता अभियान कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुखिया तकरीमुल्लाह खान, रोजगार सेवक शंभू कुमार राम, जल सहिया नीतू सोनी, मजहर मालिक, वार्ड सदस्य गणेश राम, छोटू ठाकुर, संजय र०य, सबिता देवी, लीला देवी, सहजद आलम, कैलाश राम वहीं आंगनबाड़ी सेविकाओं में मुख्य रूप से अफरोजा खातून, सुनीता देवी, हेमंत देवी इत्यादि उपस्थित थे।

दीनमठ सारथी ट्रस्ट ने टीबी बीमारी उन्मूलन को लेकर चलाया जागरूकता अभियान

अपेम लाइव : विष्णुगढ
मिथलेश गोल्डी

विष्णुगढ़ के हेठली मुरगांव में टीबी उन्मूलन जागरुकता अभियान में शामिल लोग

प्रखंड के हेठली मुरगांव में बुधवार को टीबी बीमारी से बचाव एवं उन्मूलन को लेकर दीनमठ सारथी ट्रस्ट द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। इसके माध्यम से टीबी बीमारी के लक्षण एवं उपचार के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। अभियान के तहत लोगों को बताया गया कि सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में टीबी की जांच एवं उपचार पूरी तरह निःशुल्क है। कहा गया कि यदि लगातार 15 दिनों तक खांसी ठीक न हो तो नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र जाकर बलगम की जांच कराएं। यदि टीबी के लक्षण पाया जाता है तो मुफ्त दवा तथा पौष्टिक पोषाहार के लिए सरकार द्वारा छह माह तक 500 रुपये बैंक खाते में दिए जाते हैं। इस बीमारी के उन्मूलन के लिए अधिक से अधिक लोगों को इस अभियान से जुड़ने की अपील की गई। दीनमठ सारथी ट्रस्ट के दीपक तिवारी तथा माही पटेल ने कहा कि 2024 में प्रखंड से टीबी को मुक्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान में माही पटेल, राजिया खातून, सलमा खातून, कौशल्या देवी, दीपक तिवारी, मुस्तफा अंसारी, आयशा खातून, फाजना खातून, हाजरा खातून, सहीदम खातून समेत स्कूली बच्चे एवं ग्रामीण मौजूद थे।

SUNIL H.D & 4K
VIDEOGRAPHY
SUNIL YADAV
VIDEOGRAPHY | PHOTOGRAPHY | PRE WEDDING | LIVE TELECAST | DRONE SHOOT | ALBUM DESIGNING | CANDID PHOTO | PHOTO FRAME | SHADI CARD
ADD- BARHI CHOWK, PURHARA, KADWA, MOB- 8789715761, 9934588771, ☎ 8757744425

सच का साथी
अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

विष्णुगढ़ में पांच दिवसीय लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर निकाली गई भव्य कलशयात्रा

251 महिलाओं ने माथे पर उठाया कलश, किया नगर भ्रमण

अपेम लाइव : विष्णुगढ
मिथलेश गोल्डी

विष्णुगढ़ के आदर्श चौक स्थित गौरी शंकर मंदिर में बुधवार से पांच दिवसीय लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की शुरुआत हो गई। इसे लेकर मंदिर परिसर से भव्य कलश सह शोभायात्रा निकाली गई। कलशयात्रा में 251 महिला समेत कुंवारी कन्याओं ने माथे पर पवित्र कलश उठाया। विष्णुगढ़ बाजार समेत मुख्य मार्गों में गाजे-बाजे के साथ जयकारा लगाते हुए कलशयात्री श्रद्धालु भास्करधाम स्थित उत्तरवाहिनी जमुनियां नदी पहुंचे। जहां ब्राह्मणों ने वरुण देव की आराधना कर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश में नदी का पवित्र जल भरवाया। इसके बाद कलशयात्री पुनः जयकारे लगाते हुए करीब चार किमी लंबी यात्रा कर मंदिर परिसर में कलश की स्थापना की। श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद व शर्बत का वितरण किया गया। यज्ञ कमेटी आयोजक दिनेश्वर पांडेय ने बताया कि पांच दिनों तक महायज्ञ का कार्यक्रम चलेगा। जिसमें प्रत्येक दिवस पर विविध धार्मिक अनुष्ठान तथा संध्याकाल में संगीतमय प्रवचन संपन्न होंगे। 14 मई को महायज्ञ की पूर्णाहुति होगी। महायज्ञ को सफल बनाने में रामचंद्र ठाकुर, बालेश्वर ठाकुर, विक्रम ठाकुर, पिंटू ठाकुर, चंद्रशेखर पांडेय, राजा ठाकुर, विकास कुमार, दीपक ठाकुर, विक्की ठाकुर, दिनेश ठाकुर, सदानंद प्रसाद साहू, वरुण शर्मा के अलावा यजमान में केदार साव, सुंदर साव, सूरज कुमार, जवाहर साव, भोला साव, मनोज साव, सुरेश साव, शशि पांडेय, पं रोहितानंद मिश्र, रामप्रसाद पांडेय, ओंकार शर्मा, कुंदन शर्मा समेत कई श्रद्धालु जुटे हैं।

दहेज लोभियों ने गर्भवती महिला पर किया जानलेवा हमला

अपेम लाइव : बरनी
लखदेव वर्मा

बिरनी प्रखंड क्षेत्र के कल्हाजोरी गांव में ससुरालवालों ने दहेज की मांग न पूरा करने पर गर्भवती महिला के साथ जानलेवा हमला किया जिससे महिला गम्भीर रूप से घायल हो गई है । बता दें गर्भवती महिला कौशल्या देवी की 2 वर्ष पूर्व कल्हाजोरी के विकास यादव पिता रामचन्द्र यादव के साथ शादी हुई थी । कौशल्या देवी का मायके सरिया थाना क्षेत्र के कोयरीडीह है जिसे पति समेत ससुरवालों ने दहेज की मांग को लेकर मारपीट करते हैं । जानकारी के अनुसार लड़की के पिता की सड़क दुर्घटना में पिछले साल म्रत्यु हो गई जिसके कारण परिजन दहेज देने में सक्षम नही हैं जिसे लेकर लगातार मारपीट करते हैं और आज जानलेवा हमला किया तथा मारपीट कर वीडियो बनाकर लड़की के मायके वालों को भेज दिया जिसके बाद मायके पक्ष के लोग कल्हाजोरी पहुँचे जहाँ मायके पक्ष के लोगों के साथ भी मारपीट की गई । वहीं किसी तरह महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिरनी लाया गया जिसका उपचार डॉ साकिब ने किया । घटना की सूचना पाकर बिरनी थाना एएसआई चंद्रमोहन उरांव पहुंचे ।

क्या कहते हैं थाना प्रभारी : थाना प्रभारी मृत्युंजय सिंह ने कहा सूचना मिली है आवेदन मिलते ही कारवाई की जाएगी ।

JHNH
Reg. No. 2036000613
जीवन हेल्थ नर्सिंग होम
हमारे यहाँ सभी प्रकार का ईलाज किया जाता है।
सामान्य एवं सुरक्षित प्रसव (नार्मल डिलेवरी) की विशेष सुविधा उपलब्ध है।
अपेंडिक्स, बवासीर, हर्निया, हाईड्रोसिल, पथरी, बच्चेदानी इत्यादि ऑपरेशन की विशेष सुविधा उपलब्ध है।
BLOOD TEST
CBC, Sugar, L.F.T, K.F.T, Lipid Profile, Thyroid, Tuberculosss, Urine R/E etc
यहाँ सभी प्रकार के जाँच की सुविधा है।
24/7 Emergency Services
7903856586
9931874590
NH-2 लस्करी मोड़, रसोईया धमना, बरही
नियर-लोक नायक फैमिली रेस्टोरेन्ट-825405

The RCI
Roshan Computer Institute
Estd. : 2018
www.therci.in
Add.: Hazaribag Road (Near Pani Tanki), Barhi
पिछले 4 वर्षों से अपने क्षेत्र का सबसे अग्रिणी Computer Institute : The RCI
"कुछ भी पढ़ो कहीं से, सफलता मिलेगी यहीं से..."
- Computer Courses
- Arts & Commerce
- Competetive Classes
- Spoken English
Follow on : @RoshanComputerInstitute
Director : Rakesh Roshan
Call : 9110908004
Website : www.therci.in

शारदा इलेक्ट्रोनिक
0% ब्याज में बजाज फाइनेंस उपलब्ध।
नोटः- सभी प्रकार के इलेक्ट्रोनिक समान उपलब्ध है।
9835778442
9110920937

शान ए पंजाब
अमृतसर ढाबा, पंचमाधव, बरही
शुद्ध शाकाहारी
VISHAL- 7583922295, 7979714204, HOTEL - 9113710236



A UNITE OF APEM TRUST PRESENTS
RAJ ARYAN DANCE ACADEMY
Fitness | Bollywood | Freestyle | Hip- Hop Dance
Music & Singing Etc.
WOMEN SPECIAL BATCH
AND CHILDREN CLASSES
ADDRESS - HAZARIBAG ROAD, BARHI BLOCK LIBRARY 1ST FOOLR (JHARKHAND) FOR CONTACT - 9304294424, 6203686926